राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर . 302018, दूरभाष नं.2722520–21

पत्रांक : प.3(17)/RSSB/स्टोर/श्रमिक/2024–25/194 दिनांक: 02/08/2024

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (2024-25/21)

बोर्ड कार्यालय में आवश्यकतानुसार अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए कार्य की दर संविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑन लाईन के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा डाउनलोड, निविदा खोलने की तिथि, निविदा शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि जमा कराने की तिथि एवं निविदा की शर्ते इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट http.sppp.raj.nic.in एवं विभागीय वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

नोट-

1. इच्छुक निविदादाताओं को बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नामांकित www.eproc.rajasthan.gov.in के पोर्टल के साथ पंजीकृत होना आवश्यक है एवं इसी वेबसाईट पर निविदा आनलाईन प्रस्तुत करनी होगी।

2.8.24

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन नंबर 0141–2552796

निविदा प्रपत्र नं. खुली निविदा (2024–25/21)	बिड़ प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथिः:– 02.08.2024
निविदा की अनुमानित राशिः 10.00 लाख	बिड़ जमा कराने की अंतिम तिथिः– 05.08.2024
निविदा प्रपत्र का मूल्यः 500 रूपये	समयः– अपरान्ह : 05.00 बजे तक
बोली प्रतिभूति राशिः 20000 रूपये	बिड खोलने जाने की तिथिः– 05/08/2024
निविदा प्रसंस्करण शुल्क राशिः 500 रूपये	समयः– अपरान्ह : 06.00 बजे तक

निविदा–प्रपत्र (तकनीकी निविदा)

अकुशल श्रमिक उपलब्ध करवाने हेतु वार्षिक दर संविदा

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर कार्यालय में आवश्यकतानुसार अकुशल श्रमिक उपलब्ध करवाने के लिये तकनीकी निविदा :–

1. निविदादाता/फर्म का नाम व : ....
2. स्थाई पता : ....
....
3. फोन/मोबाईल नं0 : ....
4. निविदा सूचना सं. .... निविदा की अनुमानित राशि रू. 10.00 लाख।
5. निविदा शुल्क राशि रू. 500/– सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर जमा कराने का विवरण :
e-Challan No..Bank Name...Date.............................
6. निविदा प्रसंस्करण शुल्क राशि 500/– प्रबन्ध निदेशक, RISL, जयपुर के नाम पर का जमा कराने का विवरणः–
e-Challan No..Bank Name...Date.............................
7. बोली प्रतिभूति राशि अनुमानित लागत राशि का 2 प्रतिशत 20000/– रूपये का e-Challan **सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर** के नाम पर जमा कराने का विवरणः–
e-Challan No..Bank Name...Date.............................
8. निविदादाता/फर्म द्वारा निम्नलिखित पंजीकरण का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा तथा पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगी :–

क्र. सं.	विवरण	रजि.सं.	वर्ष	पंजीकरण दिनांक	संलग्नक क्रमांक
1.	राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970				
2.	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952				
3.	कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948				
4.	वस्तु एवं सेवाकर (G.S.T.)				
5.	आयकर (पैन नंबर)				
6.	राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत् या इण्डियन कंपनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत्				
7.	बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम –1986 संशोधित अधिनियम 2018 (शपथ–पत्र पर परिशिष्ट–'1' अनुसार)				

9. गत् एक वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट्स एवं आयकर विभाग में प्रस्तुत रिटर्न की छायाप्रति।
10. फर्म का वार्षिक टर्न ओवर जो कि 5 लाख से कम न हो की छायाप्रति।
11. पेन–कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति।
12. GST Registration Certificate की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
13. **तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त पाये जाने पर ही निविदादाता की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।**

14. फर्म के द्वारा ठेका श्रम विनियमन एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 एवं श्रमिकों से संबंधित अन्य अधिनियमों/प्रावधानों की पालना की जावेगी। इस सम्बन्ध में राशि रू. 50/—नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प नोटरी से प्रमाणित अधिघोषणा प्रस्तुत की जावेगी।

15. **ई—ग्रास द्वारा चालान बनाये जाने हेतु विस्तृत प्रक्रियाः—**

1. अमानत राशि निविदा प्रपत्र में सम्बन्धित सुरक्षा सेवा के सामने दर्शायी गयी अनुमानित राशि की 02 प्रतिशत होगी, जो कि वित्त विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.6(5)वित्त/साविलेनि/2018/जयपुर दिनांक 27.04.2020 एवं दिनांक 09.07.2020 के अनुसरण में ऑनलाईन ई—ग्रास पद्धति से जमा करायी जायेगी तथा इसके अतिरिक्त बोली दस्तावेज मूल्य एवं RISL का प्रोसेसिंग शुल्क भी ऑनलाईन ई—ग्रास पद्धति से देय होगा। जिसकी ई—भुगतान रसीद/ई—ग्रास चालान से राशि जमा की प्रति ऑनलाईन ई—निविदा भरते समय अपलोड करनी अनिवार्य होगी।
   - लोक उपापन प्रक्रिया में पारदर्शिता स्थापित करने के उद्देश्य से ई—प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ई—निविदाओं के प्रेषण के लिए एक ही चालान से ऑनलाईन ई—ग्रास सिस्टम के माध्यम से बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) बजट मद 8443—00—103—00—00 में, बोली दस्तावेज मूल्य (निविदा शुल्क) बजट मद 0075—00—800—(52)—{01} में एवं ई—प्रोसेसिंग शुल्क (RISL) बजट मद 8658—00—102—(16)—{01} के अन्तर्गत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से जमा की जायेगी।
   - बिडर का ई—ग्रास पर लॉगिन पहले से नहीं बना हो तो सर्वप्रथम बिडर को ई—ग्रास पोर्टल पर New User Sign Up से लॉगिन फॉर्म भरना है।
   - Login ID Password प्राप्त करने के पश्चात ई—ग्रास पोर्टल पर Sign In करें।
   - चालान जमा करवाने हेतु Service Challan का ऑप्शन चयन करें।
   - Department (Rajasthan Sub-ordinate & Ministerial Service Selector Board हेतु विभागीय कोड 223 एवं ऑफिस Rajasthan Staff Selection Board आई.डी.—32297) का चयन करें।
   - चालान फॉर्म में Period के Option में onetime option का चयन करें।
   - Payment Mode में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों ऑप्शन उपलब्ध हैं। ऑनलाईन मोड चयन करने पर संबंधित बैंक की वेबसाईट पर रीडायरेक्ट कर दिया जायेगा। ऑफलाईन भुगतान करने की स्थिति में जिस बैंक का विकल्प चुना है, उसकी संबंधित बैंक में चालान/कैश जमा कराना होगा। विस्तृत प्रक्रिया ई—ग्रास पोर्टल (egras.rajasthan.gov.in) पर User Mannual में उपलब्ध है। किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए ई—ग्रास हेल्प डेस्क नंबर 0141—2744294 पर सम्पर्क किया जा सकता है। वर्तमान में चालान द्वारा ही भुगतान किया जाना है।
2. निविदा शुल्क/अमानत राशि/RISL प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन अपलोड किये जाने के पश्चात राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में Hard Copy जमा कराने की आवश्यकता नहीं है। केवल ऑनलाईन ई—प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड दस्तावेज ही मान्य होंगे। ऑनलाईन टेण्डरिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए ई—प्रोक्योरमेंट हेल्प डेस्क 0141—4022688, 0120—4711—508, 0120—4001—002 पर सम्पर्क करें।

निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया	**1. निविदा प्रपत्र शुल्क — 0075—00—800—(52)—{01}** **2. अमानत राशि/प्रतिभूति जमा — 8443—00—103—00—00** **3. प्रोसेसिंग शुल्क — 8658—00—102—(16)—{01} (सिविल विभाग)** **विभागीय कोड — 223** **ऑफिस आई.डी. — 32297** **कार्यालय — राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर** **लोकेशन — जयुपर**

16. निविदादाता/फर्म द्वारा गत 03 वर्षों में केन्द्र/राज्य के राजकीय विभाग/उपक्रम/स्वायत्त संस्थाएं/परियोजनाएं/बोर्ड/समिति/आयोग/शिक्षण संस्था/बैंकों में कम से कम 1 वर्ष तक निरन्तर श्रमिक उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव प्रमाण—पत्र होना आवश्यक है। निविदा निम्नलिखित विवरणानुसार निर्धारित कॉलम में अंकन कर संबंधित दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगाना होगाः—

क्र. सं.	विभाग/संस्थान का नाम	कार्य अवधि	कार्य की लागत
1.			
2.			
3.			
4.			

मैनें/हमने सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, जयपुर द्वारा जारी की गई निविदा सूचना .... में वर्णित एवं निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त शर्तों को स्वीकार करने के साक्ष्य के रूप में हस्ताक्षर किये हैं, जिन्हें मैं/हम मानने के लिये बाध्य हूं/हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

निविदादाता द्वारा की जाने वाली घोषणा

यदि मेरे/हमारे द्वारा दिये गये उक्त तथ्य गलत पाये गये तो बोर्ड़ प्रशासन को बिना किसी पत्र/नोटिस के मेरी/हमारी बोली प्रतिभूति राशि जब्त करने एवं उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, जयपुर को प्रदत्त करता हूं/करते हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम : ....

पत्र व्यवहार का पता : ....

....

मोबाईल नंबर :– ....

निविदा की शर्तें एवं नियम

निविदादाता इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढें एवं अपनी निविदायें प्रस्तुत करते समय इनकी पूर्ण रूप से पालना करनी होगी।

नोटः— बोर्ड कार्यालय में परीक्षा संबंधित कार्य अत्यन्त महत्वूपर्ण प्रवृति का है जिसका समय पर होना अति—आवश्यक है। निविदा में भाग लेने से पूर्व बोर्ड में उपस्थित हो कर कार्य की प्रवृति जानकर निविदा की दर प्रस्तुत करें। क्योंकि बोर्ड की पूर्व 3 निविदाओं में L—1 रही फर्म मैसर्स कियाना माइक्रोहेल्प फाउंडेशन, 304, कृष्णा कुंज, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर, मैसर्स प्रखर एज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी, 32 ए सुरेश नगर दुर्गापुरा, जयपुर एवं मैसर्स त्रिदेव एन्टरप्राईजेज 371— एचए जादौन नगर—ए गली न.—7, दुर्गापुरा, जयपुर द्वारा प्रस्तुत दरों पर अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने में असमर्थ रही है। जिससें बोर्ड का कार्य प्रभावित हुआ एवं कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। उक्त तीनों फर्म के विरूद्ध डिबार/विवर्जन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। क्षेत्र में अकुशल श्रमिकों/कर्मकारों के प्रचलित पारिश्रमिक दर का बाजार में सर्वे कर अपनी दर निविदा में प्रस्तुत करे।

A. **निविदादाता की पात्रता के मापदण्ड (Eligibilty Criteria) जो अनिवार्य है एवं जिनके अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी :—**

   निविदादाता को निविदा प्रपत्र शुल्क, निविदा प्रसंस्करण शुल्क एवं निर्धारित बिड़ प्रतिभूति राशि (20000/— रूपये) का ई—चालान के माध्यम से जमा करानी अनिवार्य है।

B. **निविदादाता की पात्रता के मापदण्ड (Eligibilty Criteria) की आवश्यक शर्तें :—**

1. निविदादाता/फर्म राजस्थान में राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत पंजीकृत होनी चाहिये तथा निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण—पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी आवश्यक है।
2. निविदादाता/फर्म श्रम विभाग में एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 या इण्डियन कंपनी एक्ट, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत होनी चाहिये तथा निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण—पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी आवश्यक है।
3. बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम 1986, संशोधित अधिनियम 2016 एवं संशोधित नियम 2018 के अन्तर्गत बाल श्रम नियोजन नही करने का प्रमाण—पत्र। (परिशिष्ट—1)
4. निविदादाता/फर्म कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 (ई.पी.एफ.) एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (ई.एस.आई.) पंजीकृत होनी चाहिये तथा निविदा प्रपत्र के साथ ई.पी.एफ. एवं ई.एस. आई. पंजीयन प्रमाण—पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी आवश्यक है।
5. गत् एक वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट्स एवं आयकर विभाग में प्रस्तुत रिटर्न की प्रति।
6. निविदादाता/फर्म द्वारा गत 03 वर्षों में केन्द्र/राज्य के राजकीय विभाग/उपक्रम/स्वायत्त संस्थाएं/ परियोजनाएं/बोर्ड/समिति/आयोग/शिक्षण संस्था/बैंकों में कम से कम एक एवं प्रतिदिन वर्ष का अनुभव प्रमाण—पत्र होना आवश्यक है।
7. निविदादाता को निविदा के साथ पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
8. GST Registration Certificate की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
9. फर्म का वार्षिक टर्न ओवर जो कि 5 लाख से कम न हो की छायाप्रति।

उपरोक्त पात्रता पूरी करने वाले निविदादाता ही तकनीकी बिड (Technically Responsive) में योग्य माने जावेंगे तथा उन्हीं निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जावेगी।

C. **दस्तावेज प्रस्तुत करने का तरीका :**

1. बोलीदाता ई उपापन की बेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें एवं बोली के लिए पंजीकरण और ई निविदा प्रस्तुत करने के लिए दिशा निर्देशों का पालन करना होगा ।

2. बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख के पहले अच्छी तरह से अपनी बोली प्रस्तुत करना चाहिए बोर्ड आखिरी समय पर प्रस्तुत करने के दौरान बोलीदाता को पेश करने में आ रही किसी भी समस्या के लिए उत्तरदायी नहीं होगा एवं समय सीमा/वेबसाइट पर प्रस्तुत नहीं की गई बोलियों को शामिल करने के लिए अनुमति का विस्तार से उपरोक्त कारणों की वजह से विचार नहीं किया जाएगा ।
3. बोलीदाताओं को बेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in/ पर रजिस्टर और ई–टेंडर के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। **बोली ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी । ऑफलाइन प्रस्तुत बोलियों के मूल्यांकन के लिए विचार नहीं किया किया जावेगा और खारिज कर दिया जाएगा।**
4. वित्तीय बोली के लिए, बोलीदाताओं को बोली के एक भाग के रूप में वेबसाइट पर अपलोड BoQ.XLS (माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल फाइल) डाउनलोड करना चाहिए और टेम्पलेट के लिए किसी भी संशोधन के बिना विवरण भरें जबकि अपलोड/डाउनलोड BoQ.XLS (माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल फाइल) में किए गए छेड़छाड़/परिवर्तित प्रारूप वेबसाइट द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
5. बोलीदाताओं को सभी आवश्यक दस्तावेजों निविदा दस्तावेज में उल्लेख किया है अपलोड करने की जरूरत है।
6. कोई शुद्धिपत्र वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा और इस बोली का एक हिस्सा होगा बोलीदाताओं को बोली से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इस वेबसाइट पर दिखना चाहिए।
7. बोलियां को ऑनलाइन खोला जाएगा। बोलीदाता बोर्ड कार्यालय में बोली ऑन लाईन खोलते समय उपस्थित हो सकते हैं।
8. बोलीदाताओं को उनकी बोली प्रतिभूति राशि, निविदा दस्तावेज शुल्क और ई टेंडर प्रक्रिया शुल्क प्रस्तुत करना चाहिए।
9. तकनीकी बोली से संबंधित दस्तावेज केवल तकनीकी बोली में अपलोड और वित्तीय बोली से संबंधित वित्तीय बोली में ही अपलोड करने चाहिए। उक्त सभी दस्तावेजों पर निविदादाता द्वारा स्पष्ट हस्ताक्षर (मय नाम) किये जावेंगे एवं मोहर लगानी होगीः–

   'अ'– अपूर्ण/अस्पष्ट रूप से भरी हुई निविदा एवं सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

   'ब'– निविदादाता को वित्तीय बिड़ (परिशिष्ट–2) प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें निविदादाता को अपनी सामग्री की राशि, उपकरण किराया एवं सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि में स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। वित्तीय निविदा भरने से पूर्व निविदादाता द्वारा निम्न बिन्दुओं पर विचार करना होगाः

   i. कर्मकारों का न्यूनतम मानदेय जो कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।
   ii. कर्मकारों का नियोक्ता द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम,1952 (ई.पी.एफ.)/कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (ई.एस.आई.) अंशदान।
   iii. वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.)
   iv. सर्विस चार्ज।
   v. नकारात्मक प्रतिफल की बोली अस्वीकार्य है।

D. **कार्य संबंधित विवरण एवं शर्तें : (Scope of Work)**

1. आदेश प्राप्त होने की तारीख से 24 घंटे में आवश्यकतानुसार श्रमिक उपलब्ध कराने होंगे।
2. दरों की इकाईयों में किसी भी तरह का परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए और दरें शब्दों एवं अंकों में अवश्य लिखी जानी चाहिए। अंकों एवं शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता पाये जाने पर शब्दों में लिखी दरें ही प्रस्तावित दर मानी जावेगी।
3. **निविदादाता द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा में पृष्ठ संख्या अंकित करते हुए। संदर्भित दस्तावेजों की सारणी बनाएं एवं विवरण पृष्ठ संख्या सहित अंकित करना होगा।**
4. अनुमोदित निविदादाता के संबंध में यह समझा जावेगा कि उसने कार्य से संबंधित समस्त शर्तों या विस्तृत विवरण की जानकारी प्राप्त कर ली है कार्य आदि किसी अर्थ के संबंध में कोई संदेह

हो तो उसे निविदादाता हस्ताक्षर करने से उपापन अधिकारी से पूछताछ कर लेनी चाहिए और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लेना चाहिए।

5. निविदादाता अपनी निविदा अथवा उसका सारभूत किसी भाग को न तो किसी अन्य ठेकेदार/एजेन्सी को सौंप सकेगा और न किसी को आगे निविदा पर दे सकेगा।
6. निविदादाता को निविदा की शर्तों और प्रविष्टियों की स्वीकृति के प्रतीक–स्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ के अन्त में हस्ताक्षर करने चाहिए।
7. सफल निविदादाता को निर्धारित प्रारूप में एक करार कार्यादेश के 7 दिवस में निष्पादित करना होगा और कुल निविदा राशि रू 10.00 लाख का 5.00 प्रतिशत संविदा की यथावत् क्रियान्विति के लिये कार्य संपादन प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करवाने होंगे। निविदाकार्य संपादन की रकम अनुबन्ध समाप्ति की तारीख से दो माह पश्चात् सफलतापूर्वक कार्य सम्पादन पर लौटा दी जावेगी। ऐसी प्रतिभूति की रकम पर विभाग द्वारा ब्याज नहीं दिया जावेगा। करार के पूर्ण करने पर उस पर लगे स्टाम–पत्रों को संदाय प्रदायक करेगा और क्रेता अधिकारी को स्टाम्प लगे हुए निष्पादित करार की एक प्रतिलिपि निःशुल्क दी जावेगी। यदि निविदादाता कार्य संपादन प्रतिभूति निक्षेप जमा कराने या वांछित कालावधि में करारनामा निष्पादित करने में विफल रहता है तो इस प्रकार विफल रहने को नियमों एवं शर्तों को भंग माना जावेगा तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी। शर्तों को लघुभंग करने या ठेकेदार का असन्तोषप्रद ढंग से पूरा करने पर प्रतिभूति राशि क्रेताधारी द्वारा पूर्णतः या अंशतः जब्त कर ली जावेगी। इस संबंध में सचिव का निर्णय मान्य होगा।
8. फर्मों को किये गये संदाय पर विप्रेक्षण व्यय संविदाकरों द्वारा वहन किया जावेगा।
9. यदि निविदादाता द्वारा कार्य नहीं किया जा सका तो निविदादाता अधिकारी को यह अधिकार होगा कि निविदादाता की जोखिम पर कार्य करवाया जा सकेगा तथा उसमें हुई हानि की वसूली निविदादाता से की जावेगी, परन्तु निविदादाता प्रतिक्रम के फलस्वरूप लाभ का हकदार नहीं होगा ऐसी हानि या नुकसान की वसूली निविदादाता को सरकार के साथ किये गये इस संविदा या किसी अन्य संविदा के अधीन देयराशि में से कर ली जावेगी। यदि बिल से वसूली संभव न हो तो और निविदादाता हानि या **नुकसान** की भरपाई एक **महीने** में ना कर पाये तो यह वसूली **रा.लो.मांग** वसूली अधिनियम, 1952 के अधीन या उस समय प्रकृत किसी विधि के अधीन कर ली जावेगी।
10. निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों की ओर से अप्रत्यक्ष रूप से की जाने वाली सिफारिश के कारण निविदा अमान्य हो जावेगी।
11. किसी भी निविदा की स्वीकार करने में सचिव के लिए यह आवश्यक नहीं की वह निम्नतम दर वाली निविदा को ही माने, सचिव के पास किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
12. कार्य का प्रमाणीकरण संबंधित अनुभागाधिकारी द्वारा किये जाने के पश्चात् ही बिल पारित कर भुगतान किया जायेगा।
13. अनुमोदित दरें एक वर्ष के लिये मान्य होंगी। इससे आगे की अवधि राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार पारस्परिक सहमति से आगे बढ़ाई जा सकती है।
14. आवश्यकतानुसार श्रमिक उपलब्ध करवाने होंगे। श्रमिकों की संख्या में वृद्धि हेतु एक दिन पूर्व सूचित कर दिया जावेगा।
15. **अकुशल श्रमिकों/कर्मकारों द्वारा प्रतिदिन किये गये कार्य का विवरण कार्य समाप्ति उपरांत निर्धारित प्रारूप में संबंधित अधिकारी से प्रमाणित होने के पश्चात प्रभारी/अधिकारी को प्रस्तुत करेंगें। (परिशिष्ट–3)**
16. भुगतान की जाने वाली राशि पर स्रोत पर आयकर की कटौती आयकर अधिनियम के प्रावधानानुसार की जावेगी।
17. श्रमिकों को डाक मंगवाना, आवेदन–पत्रों को एक अनुभाग को दूसरे अनुभाग में भिजवाना बोर्ड में आने वाले ट्रकों से सामग्री उतरवाना व बोर्ड में यथास्थान रखवाना, पैकिंग कार्य, बोर्ड से जाने वाली उत्तर–पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्रों के बण्डल वाहनों पर रखवाना, व निर्देशानुसार श्रमिकों संबंधी अन्य सभी कार्य करने होंगे।
18. समय पर श्रमिक उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में प्रथम दिन रू. 100/– प्रतिश्रमिक, दूसरे दिन 200/– प्रति श्रमिक व तीसरे दिन रू. 300/– प्रति श्रमिक व इसके पश्चात् अनुबंध की

दरों के आधार पर प्रतिश्रमिक क्षतिपूर्ति की राशि वसूल की जावेगी एवं बोर्ड कार्यालय द्वारा उक्त दिवसों को जो श्रमिकों की व्यवस्था पर भुगतान किया जायेगा, उसका सम्पूर्ण खर्चा अनुमोदित फर्म से वसूल किया जायेगा।

19. श्रमिकों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कार्यालय समयावधि में प्रतिदिन कार्य करना होगा। कार्य का समय आवश्यकतानुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जावेगा। अवकाश दिवसों में भी कार्य कराया जा सकता है।
20. सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
21. श्रमिक ठेकेदार, निविदा के साथ अपने कार्य **अनुभव प्रमाण–पत्र** अवश्य संलग्न करें। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
22. श्रमिकों की संख्या के आधार पर बोर्ड कार्यालय द्वारा स्वीकृत दरों के अनुसार मजदूरी का भुगतान अनुमोदित फर्म को किया जावेगा, जिसे श्रमिक अधिनियम के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान ठेकेदार द्वारा करना होगा तथा **प्रत्येक बिल के ऊपर न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार भुगतान करने का प्रमाण–पत्र अंकित करना होगा।** साथ ही विभिन्न श्रम कानूनों की पालना का दायित्व भी ठेकेदार का होगा। पालना नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही के लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा। एजेन्सी द्वारा जॉब के लिए नियोजित मानव श्रम के लिए राज्य सरकार/भारत सरकार के नियमों के तहत की जाने वाली कटौती यथा **पीएफ/सीपीएफ/बीमा इत्यादि की कटौती** का संपूर्ण दायित्व एजेन्सी का होगा। **इसके लिए विभाग द्वारा अनुमोदित दरों के अतिरिक्त किसी प्रकार का भुगतान देय नहीं होगा।**
23. निविदादाता द्वारा कार्यालय को उपलब्ध कराए गए श्रमिकों की संख्या के आधार पर भुगतान योग्य राशि का बिल **आगामी माह में 10 तारीख तक** प्रस्तुत करना होगा। समय पर बिल प्रस्तुत नही करने की स्थिति में बिल से बिल राशि की 1 प्रतिशत राशि की कटौती की जायेगी और समय पर बिल प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में बजट से संबंधित कोई समस्या आने पर भुगतान में देरी हेतु बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा। एवं निविदादाता का दायित्व है कि वह बोर्ड कार्यालय में किये जा रहे कार्य का ध्यान रखें (निविदा की अनुमानित लागत की सीमा)
24. श्रमिक ठेकेदार द्वारा बिल प्रस्तुत करते समय गत् माह में प्राप्त किये भुगतान राशि पर देय दर से GST, संबंधित विभाग में जमा कराने का प्रमाण पत्र आवश्यक होने पर प्रस्तुत करना होगा। श्रमिक ठेकेदार स्वयं के स्तर से GST का चालान जमा कराकर कार्यालय में प्रस्तुत करेगा/करना होगा। GST जमा नहीं कराने पर वैद्यानिक कार्यवाही के लिये ठेकेदार जिम्मेदार होगा तथा ठेका निरस्त किया जायेगा।
25. **श्रमिकों के कार्य एवं सभ्य व्यवहार/अनुशासन के सम्बध में ठेकेदार की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।** यदि श्रमिकों के कार्य से बोर्ड को कोई क्षति होती है तो ठेकेदार को इसकी पूर्ति करनी होगी।
26. यदि कार्य के दौरान किसी श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना आदि होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
27. ठेकेदार को संबंधित कार्य का किसी राजकीय/अर्द्धराजकीय/निजी संस्थान/स्वायस्तशासी संस्थान में कम से कम 1 वर्ष तक निरन्तर श्रमिक उपलब्ध कराने का अनुभव होना चाहिए।
28. श्रमिक आवश्कतानुसार एवं मांग अनुसार उपलब्ध करवाने होंगे। श्रमिकों की संख्या में कमी/बढ़ोत्तरी की जा सकती है।
29. बोर्ड के कार्य सम्बंधी गोपनीयता बनाये रखनी होगी। गोपनीयता भंग करने, श्रमिकों द्वारा अनुशासनहीनता आदि पर 7 दिवस का नोटिस जारी कर कभी भी अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा एवं नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जा सकेगी।
30. **श्रमिकों का आपराधिक पृष्ठ भूमि, सजायाफ्ता, दुर्व्यसनी, नहीं होना चाहिये।**
31. **बिड़ प्रक्रिया के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में प्रथम अपील सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, जयपुर एवं द्वितीय अपील अध्यक्ष महोदय, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, जयपुर को की जा सकेगी।**

E. **सामान्य नियम एवं शर्तें :**

1. अनुबंध पूर्णतया सर्विस/जॉब बैसिस पर होगा।
2. अनुबंध की अवधि एक साल तक या राज्य सरकार द्वारा स्थाई भर्ती होने तक जो भी पहले हो, तक रहेगी। अनुबंधित फर्म का कार्य संतोषजनक होने की स्थिति में दोनों पक्षों की सहमति से अनुबंध की अवधि RTPP Act 2012 एवं नियम 2013 के नियमानुसार आगे बढ़ाई जा सकती है।

3. अनुबंधित फर्म के द्वारा प्रशासन के सहयोग से कार्य शुरू करने से पूर्व एवं समय–समय पर तथा अनुबंध की अवधि के दौरान कर्मकारों को कार्य के बारे में विस्तृत रूप से बताना, उचित सद्व्यवहार एवं कार्य करने हेतु कार्य का प्रशिक्षण देना होगा।

4. **बोली प्रतिभूतिः**

1–खुली प्रतियोगी बोली, दर संविदा के मामले में बोली प्रतिभूति बोली के लिये प्रस्तुत उपापन की विषय वस्तु के प्राक्कलित मूल्य का 2% होगी या जैसा राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे। राजस्थान के लघु उद्योगों की दशा में यह प्रदाय के लिये प्रदत्त मात्रा का 0.50% होगी और लघु उद्योगों से भिन्न रूग्ण उद्योगों की दशा में जिनके मामले औद्योगिकी एवं वित्त पुनर्निर्माण बोर्ड के समक्ष लम्बित है, यह बोली के मूल्य का 1% होगी। राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्रीकृत बोली लगाने वाले प्रत्येक बोली लगाने वाले से, यदि छूट प्राप्त नहीं हो तो बोली आमंत्रित करने वाली सूचना में यथा–विनिर्दिष्ट बोली प्रतिभूति देने की अपेक्षा की जायेगी।

2–बोली प्रतिभूत करने की घोषणा आवश्यक रूप से मुहरबंद बोली के साथ होगी।

3–उपापन संस्था के पास अन्य बोलियों में प्रतीक्षित विनिश्चय के संबंध में रखी हुई बोली लगाने वाले की बोली प्रतिभूति, नयी बोली के लिये बोली प्रतिभूति में समायोजित नहीं की जायेगी। तथापि, मूल रूप से जमा करायी गयी बोली प्रतिभूति बोली के पुनः आमंत्रित किये जाने की दशा में विचार में ली जा सकती है।

4–बोली दस्तावेजों में यह नियत किया जा सकेगा कि बोली प्रतिभूति का निर्गामी और बोली प्रतिभूति की पुष्टि करने वाला, यदि कोई हो, के साथ ही बोली प्रतिभूति का प्रारूप और निबंधन उपापन संस्था को स्वीकार्य होना चाहिये।

5–असफल बोली लगाने वालों की बोली प्रतिभूति का प्रतिदाय सफल बोली की अंतिम स्वीकृति और करार के हस्ताक्षर करने और कार्य सम्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करने के शीघ्र पश्चात् कर दिया जायेगा।

6–बोली लगाने वाले से ली गई बोली प्रतिभूति निम्नलिखित मामलों में समपहृत (Forfeited) कर दी जायेगी, अर्थात् :

i. जब बोली लगाने वाला बोली के खुलने के पश्चात् अपनी बोली प्रत्याहृत (withdraw) या उपान्तरित (modify) करता हैः
ii. जब बोली लगाने वाला प्रदाय/संकर्म आदेश देने के पश्चात् विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर करार, यदि कोई हो, का निष्पादन नहीं करता हैः
iii. जब बोली लगाने वाला विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रदाय/संकर्म आदेश के अनुसार माल या सेवा का प्रदाय या संकर्म का निष्पादन प्रारंभ करने में असफल रहता हैः
iv. जब बोली लगाने वाला विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता हैः
v. यदि बोली लगाने वाला राजस्थान लोक उपापन के पारदर्शिता अधिनियम और तद्धीन नियमों के अध्याय 6 में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालों के लिये विहित सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबंध का भंग करता है।

F. (अ) **प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण** : प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहृत किया जा सकेगा :–

- जब संविदा के किन्हीं निबंधनों और शर्तों का उल्लंघन किया गया हो।
- जब निविदादाता सम्पूर्ण प्रदाय संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।
- प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले मे युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

(ब) **करार एवं कार्य संपादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security) :–**

1–सफल निविदादाता को आदेश के प्राप्त होने से 07 दिन की अवधि के भीतर प्रारूप 17 में उसके खर्चे पर विनिर्दिष्ट मूल्य के न्यायिकेतर स्टाम्प पर एक करार पत्र निष्पादित करना होगा तथा जिन सामानों (स्टोर्स) के लिये निविदायें स्वीकार की गयी हैं, उनके मूल्य के 5.00 प्रतिशत के बराबर कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी। एस.एस.आई. इकाई के मामले में यह 1 प्रतिशत तथा रुग्ण उद्योग के मामले में यह 2 प्रतिशत होगी।

2–कार्य सम्पादन प्रतिभूति की अभ्यर्थना राज्य सरकार के विभागों और ऐसे उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों, रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों, सहकारी सोसाइटियों जो राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण या

प्रबंध में हों और केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों के सिवाय समस्त प्रतिभूति घोषणा ली जायेगी। राज्य सरकार किसी विशिष्ट उपापन या उपापन के किसी प्रवर्ग के मामले में कार्य सम्पादन प्रतिभूति के उपबंध को शिथिल कर सकेगी।

3—कार्य सम्पादन प्रतिभूति निम्नलिखित प्रारूपों में से किसी एक में प्रस्तुत की जायेगी:

i. ''ई. जी. आर. ए. एस. (eGRAS) के माध्यम से जमा''
ii. किसी अनुसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक,
iii. राष्ट्रीय बचत पत्र और राजस्थान में किसी डाकघर द्वारा अल्प बचत के प्रोन्नयन के लिए राष्ट्रीय बचत स्कीमों के अधीन जारी कोई अन्य स्क्रिप्ट/लिखत, यदि वह सुसंगत नियमों के अधीन बंधक रखी जा सकती हो। बोली के समय वे उनके समर्पण मूल्य पर स्वीकार की जायेंगी और मुख्य डाकपाल के अनुमोदन से औपचारिक रूप से उपापन संस्था के नाम अंतरित की जायेंगी।
iv. किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी/गारंटियां। यह जारी करने वाले बैंक से सत्यापित करायी जायेगी। बैंक गारंटी से संबंधित अन्य शर्तें बोली प्रतिभूति के लिये नियम 42 में वर्णित के समान होंगी।
v. किसी अनुसूचित बैंक की नियत जमा रसीद (एफडीआर)। यह बोली लगाने वाले के खाते उपापन संस्था के नाम होगी और बोली लगाने वाले द्वारा अग्रिम रूप से उन्मोचित की जायेगी। उपापन संस्था नियत जमा रसीद को स्वीकार करने के पूर्व यह सुनिश्चित करेगी कि बोली लगाने वाला बैंक की ओर से उपापन संस्था को संबंधित बोली लगाने वाले की सहमति की अपेक्षा के बिना, नियत जमा रसीद का मांग पर संदाय/समयपूर्व संदाय करने का वचन देता है। कार्य सम्पादन प्रतिभूति के समपहरण की दशा में नियत जमा ऐसी नियत जमा पर अर्जित ब्याज के साथ समपहृत कर ली जायेगी।

4— कार्य सम्पादन प्रतिभूति, वारंटी बाध्याताओं और रखरखाव और दोष दायित्व कालावधि को सम्मिलित करते हुये बोली लगाने वाले की समस्त संविदाजात बाध्यताओं के पूरा होने की तारीख से परे साठ दिनों की कालावधि के लिये विधिमान्य (valid) रहेगी। इस कार्यालय द्वारा प्रतिभूति राशि पर फर्म को कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा।

5— अनुबंधित फर्म को निर्धारित राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर 07 दिवस की अवधि में अनुबंध प्रस्तुत करना होगा, जिसका समस्त व्यय अनुबंधित फर्म द्वारा वहन किया जावेगा।

6. कार्यालय/ट्रेजरी के द्वारा किसी भी कारण से देरी से बिल पास होने पर, देरी से भुगतान प्राप्त होने पर अनुबंधित फर्म किसी भी प्रकार का क्लेम बोर्ड प्रशासन से नहीं करेगा।

7. अनुबंधित फर्म द्वारा बिल एवं कार्य विवरण का प्रमाणीकरण संबंधित प्रभारी/अधिकारी से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करना होगा।

8. निविदा स्वीकृति/अनुमोदित आदेश के उपरान्त ठेका श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम—1970 की धारा की उप—धारा (2) तथा उसके अधीन बनाये गये राजस्थान ठेका श्रमिक नियम, 1971 के अन्तर्गत् वांछित अनुज्ञप्ति/लाईसेन्स प्रस्तुत करने के उपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।

9. कर्मकारों को बोर्ड प्रशासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय का भुगतान करने तथा उनके पी.एफ. व ई.एस.आई. का अंशदान संबंधित विभागों में जमा कराने की पूर्ण जिम्मेदारी अनुबंधित फर्म की होगी।

10. प्रत्येक माह ई.एस.आई./ई.पी.एफ. का मासिक ई.सी.आर. फर्म अपने सुपरवाईजर के पास कर्मकारों की जानकारी हेतु उपलब्ध करायेगी। बोर्ड के नोटिस बोर्ड पर एक प्रति प्रत्येक माह लगानी होगी तथा अनुबंध समाप्त होने के एक माह में कुल ई.एस.आई./ई.पी.एफ. जमा का विवरण प्रत्येक कर्मकार को अनुबंधित फर्म द्वारा उपलब्ध करना होगा।

11. बिल के साथ संलग्न पी.एफ./ई.एस.आई. के चालान की प्रति पर यह अंकित करें ''प्रमाणित किया जाता है कि ....राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के आदेश क्रमांक .... दिनांक .... के क्रम में जॉब बैसिस पर माह .... की अवधि में .... राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर ....में .... संबंधी कार्य/सर्विसेज हेतु नियोजित किये गये कर्मकारों/श्रमिकों के पी.एफ./ई.एस.आई. की राशि .... जो कि इस चालान की राशि .... में सम्मिलित है, संबंधित विभाग में जमा करा दी गई है।''

12. बिल के साथ संलग्न G.S.T. के चालान की प्रति पर यह अंकित करें ''प्रमाणित किया जाता है कि ... . राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के आदेश क्रमांक .... दिनांक .... के क्रम में जॉब बैसिस पर माह .... की अवधि में .... राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर .... में करवाये गये ....संबंधी कार्य/सर्विसेज की ऐवज में G.S.T.

की राशि ....जो कि इस चालान की राशि.............. में सम्मिलित है, संबंधित विभाग में जमा करा दी गई है।''

13. श्रम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना जयपुर, दिनांक 28 जून, 2022 संख्या एफ.8(5)(6)न्यू.म. /श्रम/2000/पार्ट/17953 के द्वारा प्रतिमाह व प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी की दरें निर्धारित की गई है। दैनिक मजदूरी पाने वाले किसी कर्मकार को देय मानदेय की न्यूनतम दरों की गणना जिस वर्ग का वह कर्मचारी है, उस वर्ग के लिये नियत मासिक मजदूरी की दर में 26 का भाग देकर की गई है। उक्त नियोजनों में कार्यरत कर्मकार के लिये नियत दरों में साप्ताहिक अवकाश का वेतन शामिल है। अतः प्रत्येक कर्मकार को प्रत्येक सप्ताह में एक अवकाश देते हुये उपस्थिति संख्या के आधार पर अधिकतम 26 दिवस का ही भुगतान किया जावेगा, जो मासिक मानेदय कहलायेगा।
14. निविदा में वर्णित कार्य संबंधित विवरण (Scope of work) में उल्लेखित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव होना आवश्यक है।
15. कर्मकारों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय देना होगा।
16. बिल एवं बिल के साथ समस्त संलग्नकों पर अनुबंधित फर्म या उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के ही हस्ताक्षर मय नाम एवं मोहर अंकित होना आवश्यक है। बिल पर अनुबंधित फर्म या उसके अधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के हस्ताक्षर होने पर बिल पर कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होगा। विलम्ब से बिल प्रस्तुत करने/निविदा की वित्तीय सीमा से अधिक कार्य होने पर, बोर्ड द्वारा किसी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा जिसके लिये फर्म स्वयं जिम्मेदार होगी।
17. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व निविदादाता का होगा।
18. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (श्रमिक एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत निविदादाता ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ संबंधित उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी।
19. **निविदादाता द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में ही किया जायेगा। संबंधित निविदादाता द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खाते में जमा कराई गई राशि का विवरण संबंधित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही निविदादाता को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।**
20. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व संबंधित निविदादाता का होगा।
21. श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्धि होने पर बोर्ड द्वारा निविदादाता को बढी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अंतर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
